उदासीनता | सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के फैसले फाइलों में कैद

# दीनदयाल चौक रोटरी का नया ले-आउट अब भी अधूरा



**नवभारत, जबलपुर।** विगत माह शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे, लेकिन इनका क्रियान्वयन अब तक नहीं हो सका है। दीनदयाल चौक की रोटरी का नया ले-आउट तैयार होने के बाद ट्रैफिक सिग्नल लगाने की बात कही गई थी, मगर यह योजना अभी तक अधूरी पड़ी है। इसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को रोज़ाना जाम और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है।

### इन मुद्दों पर भी हुए थे प्रमुख फैसले

बैठक में भीड़भाड़ वाले इलाकों में ई-रिक्शा और पिकअप वाहनों के संचालन पर समयबद्ध रोक लगाने, ई-रिक्शा के लिए निर्धारित रूट तय करने और मंडला-डिंडौरी मार्ग की बसों को शहर के भीतर आने से रोकने का निर्णय लिया गया था। इसके अलावा इन मार्गों के लिए नए बस स्टैंड की जगह चिन्हित करने की योजना भी बनाई गई थी। यातायात में बाधा बन रहे यूनिपोल हटाने, बलदेवबाग से ट्रांसपोर्ट ऑफिसों को चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट करने और बायपास पर अवैध पार्किंग रोकने के लिए 14 स्थान चिन्हित करने जैसे फैसले भी शामिल थे।

### चौराहों पर नहीं लग पाए सिग्नल

बैठक में रानीताल और बलदेवबाग चौराहों पर जल्द ट्रैफिक सिग्नल शुरू करने की घोषणा भी की गई थी, लेकिन स्थिति में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला। यह स्पष्ट हो रहा है कि बंद कमरों में लिए गए निर्णय सड़कों तक पहुंचने से पहले ही सीमित रह जाते हैं।

### सुधार के दावे, लेकिन असर नहीं

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अतिक्रमण हटाने और भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने की बात कही गई थी। इसके बावजूद, शहर की यातायात व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं दिख रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर दीनदयाल चौक की रोटरी का नया ले-आउट कब बनेगा और कब ये फैसले सड़कों पर उतरेंगे।

# शुभ मोटर्स ने किया करोड़ों का गड़बड़झाला

**दो दिन चली सीजीएसटी छापेमारी में हेराफेरी उजागर**



**जबलपुर।** मदन महल स्थित शुभ मोटर्स में केंद्रीय जीएसटी, जबलपुर के एंटी-इवेजन टीम ने गुरूवार को छापेमारी की। कार्रवाई दूसरे दिन शुक्रवार को भी चली। टीमों ने दस्तावेजों, स्टॉक की जांच पड़ताल की। दस्तावेजों के क्रय-विक्रय और काम के विवरण में भारी अनियमितत्ताएं उजागर हुई। दो दिन चली जांच के साथ सर्चिंग, खंगाले गए रिकॉर्ड में करोड़ों का गड़बड़झाला सामने आया है। प्राथमिक जांच में करोड़ों की जीएसटी ना चुकाने गड़बड़ी की बात सामने आई है।

जानकारी अनुसार आयुक्त, केंद्रीय जीएसटी जबलपुर के मार्गदर्शन में केंद्रीय जीएसटी, जबलपुर के एंटी-इवेज़न शाखा के अधिकारियों की एक टीम द्वारा गुरूवार को मेसर्स शुभ मोटर्स प्रा. लि., मदन महल के व्यावसायिक परिसर में सर्चिंग की कार्यवाही की गई। उक्त फर्म मारुति सुजुकी वाहनों की अधिकृत डीलर है। यह कार्यवाही करदाता द्वारा दाखिल जीएसटी रिटर्न में पाई गई कुछ विसंगतियों के आधार पर प्रारंभ की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा लेखा पुस्तकों एवं अन्य संबंधित अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। सूत्रो के मुताबिक करोड़ों की जीएसटी ना चुकाने की गड़बड़ी का प्राथमिक रूप से पता चला है। उक्त कार्यवाही शुक्रवार तक जारी रही। कर अपवंचन की वास्तविक राशि का निर्धारण के बाद आगे की जांच प्रचलित है।

# डोमिनोज की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 2.65 लाख हड़पे

**कंपनी की असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी ईमेल आईडी बना की धोखाधड़ी**




**जबलपुर।** विजयनगर निवासी एक युवक को डोमिनोज की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर ठग ने 2,65,500 रुपये ठग लिए। ठगों ने शातिर तरीके से कंपनी की असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी ईमेल आईडी का उपयोग कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

पुलिस के मुताबिक विजय नगर निवासी आनय तिवारी को 21 फरवरी 2026 को नीतीश पाठक नामक व्यक्ति ने खुद को डोमिनोजकंपनी का रिलेशनशिप मैनेजर बताकर उनसे संपर्क किया। विश्वास जीतने के लिए जालसाज ने कंपनी की असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी ईमेल आईडी से संपर्क किया और फ्रेंचाइजी प्रक्रिया के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, आईटीआर, बैंक स्टेटमेंट और प्रस्तावित साइट के 360-डिग्री वीडियो जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज मंगवा लिए। 10 मार्च 2026 को आनय को एक ईमेल मिला, जिसमें बताया गया कि उनका आवेदन स्वीकार कर लिया गया है। इसके बाद, उनसे बैंक ऑफ इंडिया के नोएडा स्थित एक खाते में 2,65,500 रुपये जमा कराए गए।

पैसे ट्रांसफर करने के बाद जब आनय ने डोमिनोज की आधिकारिक वेबसाइट चेक की, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वेबसाइट पर स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि कंपनी केवल अपनी मेल के माध्यम से ही संपर्क करती है। आनय को जिस फर्जी ईमेल से संपर्क किया गया था, उसमें अंतर लिखा था, इसी बीच, ठगों ने उनसे एनओसी के नाम पर 4,72,000 रुपये की और मांग की इसके बाद आनय को ठगी का एहसास हुआ और उसने थाने में शिकायत की। पुलिस अब रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है ।

# किसान की आंख में मिर्ची झोंक मारी गोली, जमीन विवाद में बेनीखेड़ा में वारदात



**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत चौकी नुनसर क्षेत्र के बेनीखेड़ा में जमीनी विवाद में एक किसान को रास्ते में रोककर महिला ने आंख में मिर्ची पाउडर झौंक दिया इसके बाद बदमाशों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की और गोली मार कर फरार हो गए। घायल को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूखा माढ़ोताल निवासी ठाकुर दास पटेल (45) का आगासौद में खेत है। शाम लगभग 7:30 बजे वह खेत से घर लौट रहा था। जैसे ही वह बेनीखेड़ा स्थित रोशनी वेयर हाउस के पास पहुँचा तभी लुहारी निवासी वंदना काछी ने हाथ देकर उसे रोका और चेहरे पर मिर्ची पाउडर डाल दिया। मिर्ची पाउडर के कारण ठाकुर दास हड़बड़ा कर गिर गया। इसके बाद गोपाल काछी, ठक्कू उर्फ ठाकुर प्रसाद निवासी लुहारी और दीपक काछी ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। जमीनी विवाद एवं पुरानी रंजिश के चलते पीछे से आए अर्जुन पटैल, ब्रजलाल पटैल और सिद्धार्थ दुबे निवासी ग्राम सूखा ने भी हाथापाई की, जिससे उसे चेहरे, सिर और कान में चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान ही आरोपियों में से किसी ने जान से खत्म करने की नीयत से बंदूक से फायर कर दिया, जिससे गोली पेट और गले के दाईं तरफ लगी। खून से लथपथ हालत में वह जान बचाकर वेयर हाउस की तरफ भागा।

### मदनमहल में भी प्रॉपर्टी विवाद को लेकर फायरिंग

मदनमहलथाना अंतर्गत रानीपुर माली मोहल्ला में निर्माणाधीन मकान में घुसकर बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथियों से अवैध वसूली की मांग की, बल्कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से पिस्टल से हवाई फायर भी कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रानीपुर माली मोहल्ला निवासी सचिन सैनी (30) प्रॉपर्टी क्रय-विक्रय का कार्य करता हैं, बीती रात 9-10 बजे अपने साथियों लकी मिश्रा, संतू पटेल, पीयूष सोनी, आकाश उर्फ छुद्बू, गणेश यादव और राजेंद्र पटेल के साथ अपने चाचा दीपचंद सोनी के निर्माणाधीन मकान में पार्टी कर रहे थे। रात करीब 12:45 बजे नयन डेहरिया, हर्ष यादव और श्रीकांत राय अचानक मकान के अंदर घुस आए। आरोपियों ने सचिन और उसके साथियों को धमकाते हुए पार्टी करने के लिए 2 हजार रुपये की मांग की। जब सचिन ने रुपये देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी भड़क गए। हर्ष यादव ने पिस्टल निकाली और कमरे के अंदर ही हवाई फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया। फरियादी का आरोप है कि उसका दुर्गेश पंडा से पुराना प्रॉपर्टी का विवाद चल रहा है। दुर्गेश पंडा ही इन सभी बदमाशों को साथ लेकर विवाद करने आया था। वारदात के बाद जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि अगर पुलिस में रिपोर्ट की, तो जान से खत्म कर देंगे।

# सिहोरा एसडीओपी को सौंपी जांच, सात दिन में रिपोर्ट करना होगी पेश

**▸ नशे के सौदागरों को मौके पर छोड़ने पर आईजी की कार्रवाई से कईयों की धड़कनें बढ़ी**

**जबलपुर।** एनडीपीएस एक्ट प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए नशे के सोदागरों को मौके पर छोड़ने वाले पनागर थाना प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मीयों को सस्पेंड किया जा चुका है । इसके साथ ही मामलें की जांच जबलपुर जोन आईजी प्रमोद वर्मा ने सिहोरा एसडीओपी आदित्य सिंघारिया को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। साथ ही जांच रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर पेश करने आदेश दिया गया है। विभागीय जांच शुरू होते ही नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करने में लापरवाही, मेहरबानी बरतने वाले थाना प्रभारियों, पुलिस कर्मियों की धड़कनें भी तेजी से बढ़ गई है। पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक आईजी प्रमोद वर्मा के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही थी कि पनागर पुलिस ने कई गांजा तस्करों को पकड़ा तो है,गांजा कहां से और कैसे मिला न तो इसको लेकर पूछताछ की बल्कि मौके से ही उन्हें छोड़ दिया। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया। गोपनीय जांच कराने के बाद आईजी ने एक्शन लेते हुए पनागर टीआई समेत एएसआई, दो



एसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। इसके अलावा एनडीपीएस एक्ट के मामलों में लापरवाही बरतने और जांच में ढिलाई देने वाले आधा दर्जन थाना प्रभारियों को भी नोटिस जारी किया है ।

### इन्हें भी देना है जवाब

सूत्रों के मुताबिक एनडीपीएस एक्ट प्रावधानों का उल्लंघन करने पर गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा, लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य, अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे, गोहलपुर थाना प्रभारी रीकेश कुमार पांडे, मझौली थाना प्रभारी नेहरू सिंह खंण्डाते, ग्वारीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे को भी नोटिस जारी किए गए हैं जि न्हें भी सात दिन के भीतर कारण बताओ नोटिस का जवाब देना है।

### एक निपटे, दूसरे विपिन को मिली थाने की कमान

एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों उल्लंघन करने पर पनागर टीआई विपिन ताम्रकार और उनके साथ शामिल एएसआई संजय मिश्रा, एसआई रवि परिहार, विनोद पटेल पर निलंबन की गाज गिरी है। चारों को थाने से हटा दिया गया है। इसके साथ ही थाने की कमान को काइम ब्रांच में पदस्थ विपिन बिहारी सिंह को सौंपी गई है।

### जांच रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई

टीआई, पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। एसडीओपी को जांच बिन्दुओं के साथ सात दिन के भीरत अपनी रिपोर्ट सौंपने आईजी प्रमोद वर्मा ने आदेश दिए है। इसके साथ जिन थाना प्रभारियों को नोटिस जारी किए गए है उन्हें भी सात दिन के अंदर जवान देने कहा गया है। इसके बाद आगे की कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

### अस्पताल की छत से कॉपर वायर चोरी

**जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत ए.एस.जी आई हॉस्पिटल की छत पर लगे एयर कंडीशनिंग सिस्टम के कीमती कॉपर वायर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस चोरी का पता तब चला जब ऑपरेशन थिएटर में कूलिंग बंद हो गई और मरीजों को परेशानी होने लगी। पुलिस के मुताबिक ए.एस.जी आई हॉस्पिटल की ऑपरेशन मैनेजर प्रियंका तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब मरीजों को ऑपरेशन के लिए ओटी में ले जाया गया, तो वहां का तापमान सामान्य नहीं था और हिपाफिल्टर काम नहीं कर रहा था। जब तकनीकी टीम ने छत पर जाकर जांच की, तो पता चला कि हिपाफिल्टर को आउटर यूनिट से जोड़ने वाले कॉपर वायर गायब थे। अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में लगभग 40,000 रुपये कीमत के तार काटकर चोरी कर लिए थे।

# डिजिटल कार्ड खोलते ही महिला एएसआई का मोबाइल हैक, खाते से उड़े 5 लाख



**जबलपुर।** साइबर ठग ने हनुमानताल थाने में पदस्थ एक महिला सहायक उप निरीक्षक को व्हाट्सएप पर वेडिंग इनविटेशन कार्ड भेजकर मोबाइल हैक किया और बैंक खाते में सेंध लगाते हुए करीब 5 लाख रुपये खाते से उड़ा लिए। जानकारी के अनुसार हनुमानताल थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रोहिणी शुक्ला का बैंक खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सिटी ब्रांच में है। उनके व्हाट्सएप पर एक परिचित, धनेश पटेल के मोबाइल नंबर से शादी का निमंत्रण (वेडिंग इनविटेशन) आया। यह संदेश एक फाइल फॉर्मेट में था। जैसे ही उन्होंने कार्ड देखने के लिए फाइल डाउनलोड की, उनका मोबाइल अचानक हैक हो गया। डाउनलोड होते ही मोबाइल में फाइलें अपने आप बार-बार ओपन होने लगीं। पीड़िता ने फाइल और ऐप को डिलीट करने की कोशिश की, लेकिन वह डिलीट नहीं हो रहा था। उस वक्त उन्होंने इसे मोबाइल की सामान्य तकनीकी खराबी समझकर अनदेखा कर दिया, जो बाद में एक बड़ी आर्थिक चोट साबित हुई। ठगी का खुलासा तब हुआ जब एएसआई ने अपने मोबाइल के टेक्स्ट मैसेज चेक किए। उनके बैंक खाते से कुल 4 लाख 98 हजार रुपये गायब हो चुके थे।

# यात्रियों से वसूल रहे थे रुपए, आरपीएफ ने पकड़ा



**जबलपुर, नवभारत।** शुक्रवार को आरपीएफ द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गाड़ी सं. 22909 वलसाड पुरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रियों से पैसे मांग कर परेशान करने की शिकायत जबलपुर पोस्ट पर प्राप्त होने पर उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, आरक्षक हरिकेश दुबे, सूर्यनाथ यादव व शत्रुघन सिंह के द्वारा जबलपुर स्टेशन के आउटर एवं स्टेशन पर चेकिंग के दौरान आउटर पर उतरे 03 किन्नरों को पकड़ा जिनके द्वारा यात्रियों से पैसा वसूलने और उन्हें परेशान करने की बात स्वीकार की गई। आरपीएफ ने किन्नरों के विरुद्ध रेल अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। आरपीएफ द्वारा पकड़े गए किन्नरों की पहचान बेलमकोन्डा दिनेश उर्फ बी. नीलीमा गुरू रेशमा उम्र 43 वर्ष निवासी डोर नं. 23-05-15, वाईकुन्टा पुरम, तेनाली, पुलिस थाना वन टाउन, जिला गुन्टूर (आ.प्र.) हाल बाबा टोला, हनुमानमंदिर के पास, पुलिस थाना घमापुर और काली किन्नर गुरु रेशम खान उम्र 42 वर्ष निवासी नाला मोहल्ला नूरानी मस्जिद इटारसी थाना इटारसी जिला नर्मदापुरम, बबली गुरु रेशम खान 52 वर्ष निवासी नाला मोहल्ला नूरानी मस्जिद इटारसी थाना इटारसी जिला नर्मदापुरम के रूप में हुई है।

# 25.52 लाख वसूले, ननि खजाने में जमा

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशन में चलाए जा रहे इस भौतिक सत्यापन अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। योजना की शुद्धता बनाए रखने के लिए किए जा रहे नियमित सत्यापन के सही परिणाम सामने आए हैं। उपायुक्त अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक सघन जांच की गई। जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए जहाँ नियम विरुद्ध तरीके से पेंशन का लाभ लिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कार्रवाई करते हुए कुल 25,52,544 रुपये की वसूली की गई है। वसूली गई यह पूरी राशि शासन के खाते में जमा करा दी गई है।

# एक दिन में 31 श्वानों का रेस्क्यू



**जबलपुर।** नागरिकों को राहत प्रदान करने आवारा कुत्तों का बधियाकरण अभियान तेज कर दिया गया है। अभियान के दौरान कुल 31 आवारा श्वानों को पकड़ा गया। सभी कुत्तों को सुरक्षित रूप से जबलपुर के कठौंदा स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र ले जाया गया है। यहाँ विशेषज्ञों की निगरानी में इनका बधियाकरण किया जाएगा और रेबीज से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे।

दरअसल शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके काटने की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने अभियान को तेज कर दिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार कुत्तों के बधियाकरण और एंटी-रेबीज टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त संभव अयाची स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 अप्रैल को शहर के उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया जहाँ से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। नगर निगम की टीम और माँ बगुलामुखी सेवा समिति के डॉग कैचर्स ने आनंद नगर, आधारताल, हसन चौक, वी.एफ.जे. रोड रांझी, कुदवारी, शिवनगर, बड़ा फुहारा, हर्षित नगर, सिविल लाईन, गढ़ा इंदिरा गाँधी वार्ड, गुलौआ और यादव कॉलोनी कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही की गयी।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने स्थापित किया नया कीर्तिमान

**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का समापन अभूतपूर्व उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ करते हुए विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने सामूहिक रूप से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 26,582.7 मिलियन यूनिट ताप विद्युत उत्पादन कर प्रदेश को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की। इस दौरान चारों ताप विद्युत गृह ने 81.45 प्रतिशत प्लांट उपलब्धता फैक्टर बनाए रखते हुए परिचालन दक्षता के उच्चतम मानक स्थापित किए। विद्युत गृहों की सभी इकाइयों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप हीट रेट, विशिष्ट तेल खपत व ऑक्जलरी पावर कंजम्पशन हासिल करते हुए उत्कृष्ट तकनीकी प्रदर्शन प्रदर्शित किया। परिचालन मानकों के संदर्भ में इस वर्ष अमरकंटक ताप विद्युत गृह फेज-III, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह फेज-IV, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह फेज-II व फेज-II ने मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक प्रदर्शन किया। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह यूनिट-10 ने 98.29, श्री सिंगाजी सुपर ताप विद्युत परियोजना यूनिट-1 ने 94.55, यूनिट-3 ने 88.77 व संजय गांधी ताप विद्युत गृह यूनिट-3 ने 85.92 प्रतिशत हासिल करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

कार्यवाही | ननि की दबिश, औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट करने सुनाया फरमान, तालाबंदी की चेतावनी

# नियमों की धज्जियां उड़ा संचालित हो रही ब्रेड फैक्ट्री



**जबलपुर।** राजीव गांधी वार्ड में नियमों को ताक पर रखकर एक ब्रेड फैक्ट्री संचालित हो रही थी। नगर निगम टीम ने दबिश देते हुए रहवासी क्षेत्र में फैक्ट्री संचालन से होने वाली असुविधा और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को देखते हुए, तत्काल कड़ा रुख अपनाया है।


फैक्ट्री संचालक को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए हैं कि वे अविलंब फैक्ट्री को किसी उचित और नियमानुसार आवंटित औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट करें। अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर फैक्ट्री को स्थानांतरित नहीं किया गया, तो निगम द्वारा तालाबंदी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

विदित हो कि निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कड़े रुख के बाद अब शहर के रिहायशी इलाकों और बाजार क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों पर कारवाई शुरू हो गई है। निगमायुक्त के निर्देशानुसार अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने अपनी टीम के साथ प्रमुख बाजार क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। रिहायशी इलाकों में प्रदूषण और गंदगी पर लगाम लगाना है व्यावसायिक और औद्योगिक गतिविधियों को निर्धारित क्षेत्रों में ही संचालित करवाना मुख्य उद्देश्य है।

# युवक की हत्या करने वाले को दस साल की सजा

**जबलपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश कृष्ण मूर्ति मिश्रा की अदालत ने चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने वाले आरोपी अमन साहू को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी अमन साहू को दस साल के सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अदालत के समक्ष विशेष लोक अभियोजक मनीषा दुबे ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि 8 जुलाई 2022 की रात्रि करीब पौने बारह बजे लार्डगंज क्षेत्र में अमन साहू नामक युवक ने माँ से बात करने की बात को लेकर शैलेन्द्र रैकवार पर चाकू से हमला किया था। जिससे शैलेन्द्र को गंभीर चोटे आई थी।


### त्रयोदशी संस्कार



स्व. जी.एन. कुमार
(15-5-1943 से 01-04-2026)

आप भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं,
किंतु आपकी स्मृतियाँ और आशीर्वाद सदैव हमारा मार्ग प्रशस्त करेंगे।

हार्दिक श्रद्धांजलि

शोकाकुल परिवार

श्रीमती शांता एन कुमार (पत्नी) और परिवार
त्रयोदशी संस्कारः 13 अप्रैल 2026, समयः दोपहर 1:30 बजे
पता - शान्ता विला, संस्कार नगर,
स्पोर्ट्स क्लब ऑफ जबलपुर के पास, तिलहरी, जबलपुर